तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 24 मार्च 2024

14 पतंजलि योग समिति के होली मिलन में खेली गई प्राकृतिक..



14 पोषण पखवाड़े में पौष्टिक आहार व सेहत सुरक्षा...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

**चुनाव : सीएम विष्णुदेव साय ने दुर्गूकोंदल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा**

# 5 साल तक कांग्रेस ने जनता को ठगा, वादाखिलाफी की, छग लोस की 11 सीटों पर होगी भाजपा की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/दुर्गूकोंदल

लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। आप लोगो ने अभी हाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से जिताया है। देश मे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये भोजराज नाग को जिताना है। पिछले 5 साल में कांग्रेस ने जनता को ठगने का काम किया है। कांग्रेस ने छग को केवल लूटने और भ्रष्टाचार से धन कमाने का काम किया है। कोयला, शराब घोटाले में अधिकारी व नेताओं के सहयोगी जेल में है । उक्त बातें कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल प्रथम प्रवास पर पहुँचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहीं।

- शराब दुकान में दो काउंटर थे, एक भूपेश के लिए, दूसरा सोनिया गांधी के लिए
- सरपंच जगदेव नरेटी, रीना नरेटी सहित सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्गूकोंदल की पावन भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल आया हूँ और आप लोगो ने जो आत्मीय स्वागत किया उसके लिये आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। मुख्यमंत्री साय ने कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि प्रदेश के शराब दुकानो में दो काउंटर होता था एक काउंटर का पैसा छग सरकार को, दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया गांधी को जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर महादेव एप मामले में एफआरआई हो चुका है। भूपेश बघेल की सरकार ने गरीबो के आवास को रोकने का काम किया था। आप लोगों ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का मौका दिया और 100 दिनों में हमने अपने बहुत से चुनावी वादों को पूरा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि छग में सरकार बनने के बाद पहली केबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति होगी और हमने वो वादा पूरा किया। हमारी सरकार ने दो साल के धान का बकाया बोनस देने का वादा किया था और हमने 25 दिसंबर को उस वादे को पूरा किया और 13320 करोड़ रूपएं हमने किसानों को धान के अंतर की राशि भी किसानों के खाते में भेज दिया। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लाखों महिलाओं को 1 हजार रुपएं हमारी सरकार ने दे दिया है।



### तीसरी बार सरकार बनाने करना है वोट

वन मंत्री केदार कश्यप ने जनता से भोजराज नाग के लिए वोट मांगते कहा कि भाजपा ने आपके ही अपने बीच के एक सहज, सरल बैगा आदिवासी को लोकसभा प्रत्याशी बनाकर आदिवासियो का सम्मान करने का ही काम किया है। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करना है। प्रधानमंत्री ने देश विदेश में भारत का नाम अग्रसर किया है । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के 18 लाख गरीबो को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने के बाद ही अपने आवास में गृह प्रवेश किया है।

### राष्ट्रपति आदिवासी व सीएम भी आदिवासी

लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कहा कि भाजपा ने पहली बार एक आदिवासी बैगा को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है । भाजपा ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति, एक आदिवासी को मुख्यमंत्री और अब मेरे जैसे छोटे से आदिवासी बैगा कार्यकर्ता को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है । विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और प्रदेश मे विष्णु देव साय के सुशासन की ही चर्चा है। देश मे पुनः भाजपा की सरकार बनाना है । भाजपा ने विधानसभा चुनाव मे जो वादा किया था उसे पूरा कर रही है।

### तीन सरपंच सहित 50 ने भाजपा किया प्रवेश

दुर्गुकोंदल में आयोजित सीएम कार्यक्रम में भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर खुटगांव के सरपंच रीना नुरूटी, तराईघोटिया के सरपंच जयदेव नुरूटी, पेवारी सरपंच जयबत्ती मंडावी, सूर्यकांत टांडिया, झूमुक गावड़े सहित लगभग 50 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया। जिन्हें मुख्यमंत्री ने भाजपा की गमछा पहनकर उनका स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### नगाड़ों पर डीजे भारी, परंपरा बदली और उत्साह हो रहा कम

**कांकेर।** होली के पर्व में हर साल नंगाड़ों की थाप सुनाई देती थी, जो हर साल घटता जा रहा है। व्यापारियों ने बताया कि हर साल नंगाड़ों की बिक्री घटती जा रही है लोग अब नंगाड़ा के बजाए डीजे को ज्यादा महत्व दे रहे है। होली पर्व के दौरान नंगाड़ों के प्रति घटते प्रेम को देखकर इस साल देर से बाजार में नंगाड़ा पहुंचा। नंगाड़ा जिस उत्साह के साथ बिकने के लिए बाजार पहुँचा था, उतनी ब्रिकी नहीं हो पाई है। नंगाड़ा बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि लोग अब नंगाड़ा के प्रति कोई शौक नहीं पाल रहे है, जो लगातार परम्परा को भूल रहे है। जो लोग शौक पालते भी थे वे भी अब इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। उन्होने बताया कि ज्यादातर लोगो को नंगाड़ा बजाने नहीं आता है, जिसे न खरीदने का कारण बताते है। लोग अब डीजे को ज्यादातर पसंद करते है। छोटे बच्चें नंगाड़ा के लिए शौक पालते है तो पालक नंगाड़ा को फोड़ने की डर से उनके लिए ताशा खरीदकर ले जाते है, जिससे मिट्टी के बने नंगाड़े नहीं बिक रहे है।

### जहर खाने से अधेड़ की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत पुसवाड़ा निवासी 45 वर्षीय फरसुराम शोरी पिता कवल सिंह का 22 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजें ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर का सेवन किया था। ईलाज के लिए परिजनो द्वारा अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। जहर खाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम कुरूष्टीकुर निवासी निवासी 32 वर्षीय दिनेश मंडावी का 28 नवंबर को सुबह साढ़े 6 बजें रायपुर के डीकेएस अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। मृतक के साथ घटना चारामा थाना क्षेत्र में हुई थी। एक्सीडेंट के बाद घायल ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गया। चारामा थाना में अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात महिला की शव पुल के नीचे मिला

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत कानापोड़ पुल के नीचे लगभग 70 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। कानापोड़ निवासी 56 वर्षीय कमलेश्वर साहू पिता स्व. अंजोरी राम ने पुलिस को बताया कि 22 मार्च को ग्राम कानापोड़ पुल के नीचे 70-72 वर्ष की अज्ञात महिला का शव देखा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## नरहपुर रोड़ निर्माण में रिवर्स करते हाईवा में दबने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। काम करने के बाद रात को मृतक हाईवा वाहन के पीछे आराम कर रहा था। रोड निर्माण में लगे हाईवा वाहन के चालक ने वाहन को रिवर्स किया, तभी वाहन के पीछे आराम कर रहे युवक के ऊपर हाईवा चढ़ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने थाना में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे 45 वर्षीय बिहार के अररिया वार्ड क्रमांक 6 निवासी विद्यानंद ऋषिदेव पिता रामानंद ऋषिदेव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में जामगांव भारत माला रोड निर्माण कार्य में काम करने आया हूँ और रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। 21 से 22 मार्च की दरम्यानी रात को करीबन 1 बजे मेरा लड़का सुमित कुमार भारत माला के तहत बन रही सड़क में काम करके वाहन हाईवा के पीछे जमीन में सो गया था। वाहन हाईवा क्रमांक एमपी 39 एच 2251 के चालक द्वारा निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही



पूर्वक वाहन को रिवर्स चलाते हुए वाहन को पीछे कर रहा था और हाईवा का पीछे का चक्का मे सुमित कुमार ऋषिदेव के सिर व शरीर दबने से मौके पर ही मौत हो गई। पिता ने बताया कि मैं भी वहीं पर काम कर रहा था और हमारे गाँव के कई लोग काम कर रहे थे। भारतमाला में दिन रात काम चल रहा है।

मृतक के पिता ने नरहरपुर थाना में घटनास्थल में हुई घटना की जानकारी दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौपा गया और विवेचना के उपरांत आरोपी हाईवा वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


## प्राधिकृत पत्रकारों को डाकमत से मतदान करने की मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- डाक मतपत्र के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा के लिए 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इसके लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी होने के साथ नाम-निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। प्राधिकृत पत्रकारों के साथ-साथ 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवाओं के के रूप में अधिसूचित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, मीडिया कर्मी (जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी किया जाएगा), रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक



एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम को सम्मिलित किया गया है। उक्त सेवाओं के ऐसे कर्मचारी जो कि अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की निर्धारित तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को डाक मतपत्र के लिए निर्धारित प्रारूप 12 (घ) पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 05 दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कांकेर लोकसभा के अंतर्गत डाक मतपत्र के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 02 अप्रैल निर्धारित ⏭ शेष पेज 12 पर


## जिला अस्पताल के कैमरे खराब होने से अनहोनी की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- प्रभारी एमएस ने थाने में शिकायत करने की दी सलाह
- जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन लगातार बरत रहा लापरवाही
- अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ किया जाएगा आंदोलन

जिला अस्तपाल में भर्ती मरीज के महिला अटेंडर के साथ रात को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पैर खींच रहा था और महिला अटेंडर के चिल्लाने से अज्ञात व्यक्ति भाग गया। महिला अटेंडर ने इसकी जानकारी प्रभारी एमएस को दिया, उन्होने कहा कि जिला अस्पताल के कैमरे खराब है और थाना में जाकर शिकायत कर दो। पीड़ता ने थाना में लिखित शिकायत दिया है। मामला इतना गंभीर होने के बाद प्रभारी एमएस ने अभी तक किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखाया है।

महिला अटेंडर ने कांकेर थाना को दिए शिकायत में लिखा है कि मैं प्रेमलता साहू पिता बेलुद्राम साहू निवासी ग्राम सिरसिदा तहसील चारामा की निवासी हूँ और जिला चिकित्सालय कांकेर में मेरी दादी का पैर फैक्चर होने के दौरान उसके ईलाज के लिए कोमलदेव चिकित्सालय कांकेर में भर्ती किए हुए है और विगत 15 दिवस हो रहे हैं। मरीज के देखरेख के लिए मैं एवं मेरी बहन रीना साहू एवं मेरी बेटी साथ में रूके हुए है। हम लोग मरीज के पास आर्थो रूम में ही 22 मार्च को सो रहे थे, इस दिन रात करीबन 3 बजे के आसपास किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे पैर को दबाने व खींचने लगा। मेरे चिल्लाने एवं चीखने पर वह वहां से भाग गया और मेरी आवाज सुनकर मेरी बहन उठीं, तो वह नींद में थी और गिर गई। हम लोग ने जब इसकी शिकायत कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक के पास किए और कैमरा में चेक कराने बोले, तो



उन्होंने कहा कि कैमरा खराब है, इसकी शिकायत थाना में कर दीजिए। पीड़िता ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन को जो जिम्मेदारी लेना चाहिए, वो जिम्मेदारी नहीं ले रहे है और उनको थाना जाने की सलाह दिया जा रहा है। ऐसे लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जाँच किया जाना चाहिए और कार्यवाही किया जाना चाहिए।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने कहा कि यह शिकायत मुझे भी मिली है, इस विषय पर जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात कर जिला अस्पताल जैसे संस्थान में इस तरह की घटना होने की शिकायत किया जाएगा। शिकायत के बाद भी जिला अस्पताल में कोई सुधार नहीं हुआ, तो अस्पताल प्रबंधन व जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। जिला अस्पताल जब से मेडिकल काँलेज से संबंद्ध हो गया है, तब से विवादों में घिरा हुआ है।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 5402 पोस्टर-बैनर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 1 हजार 108 दीवार लेखन, 1 हजार 541 पोस्टर, 1 हजार 78 बैनर और 933 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 369 दीवार लेखन, 208 पोस्टर, 164 बैनर और 1 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 4 हजार 660 तथा निजी स्थलों से 742 सहित यानी कुल 05 हजार 402 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं।

### बाइक चालक पर मामला हुआ दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 5 मेनरोड पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएम 2769 के चालक गोटेनबेड़ा निवासी चरन सलाम पिता बंशी ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट करने से मौत हुआ है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नरहरपुर को टीबी मुक्त बनाने विश्व क्षय दिवस पर ली शपथ




**नरहरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा में वर्ल्ड टीबी दिवस मनाया गया। वर्ल्ड टीबी दिवस तहत भारत को 2025 तक टीबी मुक्त व टीबी मुक्त पंचायत कराने शपथ दिलाते हुए टीबी हारेगा देश जीतेगा नारा लगाया गया। बीएमओ नरहरपुर डॉ पीके सिंह के द्वारा टीबी बीमारी के विषय में बताया गया कि टीबी एक गंभीर और संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलती है।

विश्व क्षय दिवस पर डॉ पीके सिंह ने बताया की टीबी की बीमारी मुख्य रूप से फेफडों को प्रभावित करती है। लेकिन टीबी रोग, शरीर के अन्य अंगो में भी हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के दौरान इस जीवाणु की बूंदे दूसरे व्यक्ति तक पहुंच सकती है। लंबे समय तक खांसी, वजन कम होना, खांसी के साथ खून निकलना, सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत आदि टीबी रोग के लक्षण हो सकते है। टीबी एक जानलेवा बीमारी है, जिससे दुनियाभर में लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई है। ऐसे में इस रोग के बारमें में लोगों को जागरूक करने ⏭ शेष पेज 12 पर

**दामों में मामूली बढ़त, हर्बल गुलाल की बढ़ने लगी मांग**

## होली में कार्टून पिचकारी, भगवा व लाल रंग की सर्वाधिक डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- आज होलिका दहन और रंगोत्सव कल मनाया जाएगा

साल के महत्वपूर्ण त्यौहारों में शामिल रंगो का पर्व होली एक दिन बाद है। ऐसे में होलीमय वातावरण निर्मित होने लगा है। बाजार के चौक-चौराहों से लेकर दुकानों में पिचकारियों से लेकर रंग-बिरंगी गुलाल की दुकानें सज चुकी है। इस बार भी नए कार्टूनों वाली पिचकारियों की अधिक डिमांड नन्हें-मुन्नों के बीच है, वहीं रंगो की बात करें तो लाल रंग के साथ ही भगवा रंग की भी मांग बाजार में ज्यादा है।



उल्लेखनीय है कि रविवार यानि 24 मार्च को होलिका दहन एवं 25 मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में रंगों के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। इधर बाजार में भी रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज चुकी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के बाजार व चौक-चौराहों में पिचकारियों और रंग- गुलाल की दुकानें सज धजकर तैयार है। व्यवसायियों में भी इस वर्ष बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद जताई जा रही है। पिचकारी व्यवसायियों ने बताया कि उनकी दुकान में विभिन्न प्रकार के पिचकारियां हैं, वहीं आर्गेनिक गुलाल भी है। बच्चों के लिए कार्टून वाली सहित अन्य कई किस्म की पिचकारियां उपलब्ध है।

### *गांवों में नगाड़ों की थाप*

*होली पर्व से पूर्व ही ग्रामीण इलाकों में होली रंग रोगन का माहौल शुरू हो चुका है। नगाड़ों की दुकानों से नगाड़ों की खरीदी शुरू हो चुकी है। ग्रामीण इलाको में फाग गीतों की गूंज व नगाड़ों की थाप सुनाई देने लगी है। हालांकि शहरी इलाकों में पूर्व की तरह नगाड़ों को थाप कहीं कही सुनाई दे रही है।*

### *आर्गेनिक गुलाल की मांग*

*बाजार में सजी दुकानों में बच्चों के लिए कार्टून बनी पिचकारियों से लेकर टेंकर, मैजिक ग्लास, आईस कलर, मुखौटे सहित अन्य सामग्रियों की भरमार है। हर्बल, आर्गेनिक गुलाल से लेकर रंगो के पैकेट, बैलून भी बाजार में उपलब्ध है। बताया गया कि पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष पिचकारियों व रंग-गुलाल की कीमतों में कुछ उछाल आया है। बच्चों के बीच कार्टून वाली पिचकारियों की मांग कुछ ज्यादा है।*

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### तालाब में डूबने से बुर्जुग की मौत



**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुसापाल निवासी 54 वर्षीय बुजुर्ग सोनउराम मंडावी पिता स्व माटुं राम मंडावी की शुक्रवार की सुबह तालाब में नहाने के दौरान मौत हो गई। थाना से मिली जानकारी अनुसार मृतक सोनउ राम सुबह गाँव के तालाब में नहाने गया हुआ था, नहाने के दौरान उसकी तालाब में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने तालाब में जाकर देखा तो तालाब के किनारे मृतक के कपड़े रखे हुए थे, जिससे उसकी तालाब में डूबने की आसंका जाहिर की गई। परिजनो के द्वारा घटना जानकारी फरसगांव पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा घटना स्थल पहुँचकर जांच पंचनामा कर मृतक के शव को तालाब से खोजकर बाहर निकाला गया और शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### स्कूटी की ठोकर से राहगीर की मौत

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतगर्त ग्राम पलोरा में पैदल चल रहे ग्राम पलोरा निवासी शंकरलाल मंडावी पिता स्व लच्छू राम उम्र 35 वर्षीय को स्कूटी क्रमांक सीजी 07 ई डब्लू 4300 के चालक द्वारा तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पैदल चल रहे ग्रामीण को टक्कर मार दी। जिससे पैदल चल रहा ग्रामीण घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया जा रहा था जिसकी रास्ते मे मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर स्कूटी चालक के खिलाफ अपराध किया गया है।

### बाइक पेड़ से टकराई चालक की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत निकिता पेट्रोल पंप के आगे मोड़ के पास 20 मार्च को 3 बजें सड़क दुर्घटना में डूडूमबाहरा निवासी 30 वर्षीय चंद्रकांत वट्टी पिता घुराउ राम का मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पेड़ से टकरा गया। अधिक चोट आने की वजह से उसकी मौता हो गई।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा मोड़ के पास 10 मार्च को सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक निचेकोटगांव निवासी46 वर्षीय मुरहाराम पटेल पिता बृजलाल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 0459 को चलाते हुऐ मोदे अपनी ससुराल से घर जा रहा था। मिडिल स्कूल डोमाहर्रा मोड़ के पास मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुऐ एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल गिर गय व गंभीर चोट आई थी। गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गया।

**पेज 11 के शेष...**

### प्राधिकृत पत्रकारों को...

है। प्रारूप 12 (घ) में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी को अपना मोबाइल नंबर, वोटर आईडी नंबर, निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना अनिवार्य है। इसके लिए वोटर हेल्पलाईन एप में वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर भाग संख्या एवं सरल क्रमांक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### नरहरपुर को टीबी...

के लिए विश्व टीबी दिवस मनाने की घोषणा की गई। इस लिए हर वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के रूप में मनाया जाता है, जागरूक करने और शपथ लेने के दौरान 23 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम भीखम चंद साहू, बीईटीओ लहनासिंह नायर, एसटीएस अजय प्रजापति, एनएमए जेआर नागेश, केआर साहू, मानस धाकड़े, बीएएम भवानी शंकर जैन, बीडीएम रवि साहा एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

# छग-उड़ीसा पुलिस की संयुक्त बैठक में निष्पक्ष लोस चुनाव करने पर की चर्चा

**अवैध नकदी रकम, शराब और सामग्री पर होगी पैनी नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा चुनाव 2024 का घोषणा उपरांत चुनाव का शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष कराने के उद्देश्य से आज 23 मार्च को जिला कोण्डागांव के अनंतपुर के फारेस्ट रेस्ट हाउस में सरहदी राज्य उड़ीसा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों का संयुक्त रूप से मीटिंग आहुत की गई । जिसमें लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिये चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिये अवैध रूप से नगदी रकम, शराब एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाता है। जिसे रोकने प्रभावी कार्यवाही करते हुए अन्तराज्यीय बार्डर पर चेकपोस्ट के माध्यम से गहन





चेकिंग करते हुए रोकथाम पर सहमति बनी ।

**चुनाव प्रभावित करने वालों पर रहेगी सजग नजरें** – चुनाव के दौरान चुनाव को प्रभावित करने वाले समस्त प्रकार के संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामग्रियों की धरपकड़ में आपसी सहयोग करते हुए चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मीटिंग आयोजित किया गया। जिसमें जिला कोण्डागांव से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार, अनिल विश्वकर्मा, भुपतसिंह धनेश्री, थाना थाना प्रभारी अनतपुर, माकड़ी, विश्रामपुरी, बॉसकोट सम्लिलत हुए एवं उड़ीसा पुलिस से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवरंगपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमरकोट, थाना प्रभारी कुदंई, रायघर, उमरकोट, नवरंगपुर सम्मलित हुए।

दिवस : आज ही के दिन शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को फांसी दी गई थी

# सैनिक परिषद ने शहीद दिवस पर भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



23 मार्च को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सदस्यों और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों ने एनसीसी मैदान में शहीद दिवस के उपलक्ष पर शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव और शहीद राजगुरु को दो 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी हवलदार सुब्रत साहा ने युवक एवं युवतियों को बताया कि आज का दिन शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन करने का दिन है। हर साल 23 मार्च को देश में शहीद दिवस मनाया जाता है। 23 मार्च के दिन ही तीन महान देशभक्तों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी।

**पूरा देश कर रहा है नमन** – आज देश, मातृभूमि के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले भारत माता के महान सपूत शहीद–ए– आजम शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को नमन कर रहा है। ये तीनों आजादी के गीत गाते हुए हंसते–हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। इनका शौर्य और मातृभूमि की आजादी के प्रति साहस सभी युवाओं को आज भी प्रेरणा देता है। देश की आजादी की लड़ाई में इन महान स्वंतत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सेवारत सैनिक– श्रीकांत तिवारी, टंकेश्वर सेन, कृष्णा नेताम और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 400 युवक और युवतियां मौजूद रहे।



### शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु को श्रद्धांजलि दी

**कोण्डागांव।** 23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में शहीद दिवस का आयोजन किया गया। वीर सपूतों शहीदे ए आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव को याद किया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया एवं फांसी के फंदे पर हंसते–हंसते झूल गए। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने देश की आजादी में उनके योगदान शहीद दिवस एवं भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका से बच्चों को परिचित कराया। बच्चों शिक्षको ने 1 मिनट का मौन रखा। सभी शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# होली और वार्षिक मेले में शांति बनाएं रखें : शांति समिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली पर्व और नगर में होने वाले वार्षिक मेला के मद्देनजर 23 मार्च शनिवार को फरसगांव एसडीएम कार्यालय में एसडीएम अशवन सिंह पुसाम,तहसीलदार जयकुमार नाग, नगर के जनप्रतिनिधियो, समाज प्रमुखों, व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों व पत्रकारो की मौवजूदगी में शांति समिति की बैठक की गई ।

बैठक में सभी को होली पर्व व वार्षिक मेला को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रूप से मनाने अपील किया गया। होली पर्व में हुड़दंग करने वाले व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर साउंड बॉक्स, मशीन सेट जप्त कर उसके संचालक व अन्य कर कानूनी कार्यवाही होना तय है। वही वार्षिक मेला को भी शांतिपूर्ण मनाने कहा गया। इस दोनों पर्वो में पुलिस नगर और गाँवो तक तैनाती रहेगी । साथ ही सभी को लोकसभा चुनाव को भी शांतिपूर्ण समपन्न कराने अपील किया गया।

## 7 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी ओड़ीशा से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/कोण्डागांव



केशकाल थाना में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 94/16 धारा 120बी, 170, 342, 392, 420 भादवि के आरोपी अजय कुमार गुप्ता उम्र 34 वर्ष निवासी कोटपाड़ ओड़सा जो कि पिछले 7 वर्षों से फरार चल रहा था। इस मामले में न्यायालय द्वारा केशकाल पुलिस को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिसकी तामीली हेतु पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रूपेश कुमार के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री भूपत सिंह के पर्यवेक्षण में केशकाल पुलिस ने स्थाई वारंटी अजय कुमार गुप्ता को ओड़सा से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सम्पूर्ण मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि शंकरलाल ध्रुव एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## मीनाबाजार में जिला बदर मनीष गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** जिला कोण्डागाय में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में अतिद्ध पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश के नेतृत्व में कोण्डागाव पुलिस ने जिला दण्डाधिकारी कोण्डागांव के द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर किये गये व्यक्ति मनीष सागर को कोण्डागांव मीना बाजार स्थल कोण्डागांव के पास खुलेआम घुमना पाये जाने से किया गिरफ्तार ।मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रहलाद यादव उप निरी शशि भूषण पटेल, सउनि. चिताराम ध्रुव प्रआर अजय बघेल ,नरेन्द्र देहारी, अशोक मरकाम ,आर संतोष कोडोपी ,अजय देवांगन ,मआर कांतिदेवी नेताम का विशेष योगदान रहा।

## विधायक टेकाम ने किया गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विधानसभा केशकाल का विधायक चुने जाने के तकरीबन तीन महीने के बाद आखिरकार विधायक नीलकंठ टेकाम को विधायक निवास मिल गया है। हर्रापड़ाव स्थित विधायक निवास में शनिवार को गृहप्रवेश हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

जहां नीलकंठ टेकाम ने अपने पूरे परिवार के साथ सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया। वहीं विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन के पश्चात विधायक निवास में गृहप्रवेश किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर में पंजीयन शुरू, 9 से लगेगा मेला

**कुरुद।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर इस वर्ष भी महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरुद में भव्य मेला का आयोजन 9 से 17 अप्रैल तक किया जा रहा है। मनोकामना ज्योति स्थापना के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मेले में मीना बाजार की तैयारी शुरू कर दी गई है। ज्ञातव्य है कि हर साल चैत्र नवरात्रि पर कुरुद में भव्य मेला का आयोजन होता है,जिसे देखने काफी संख्या में लोग उमड़ते हैं। इस बार मेले में ऑक्टोपस झूला, टोरा टोरा झूला, हवाई झूला, सुपर ड्रैगन, ब्रेकडांस झूला, भूत बंगला, मिक्की माउस, टाइटैनिक, रेंजर झूला, झूला बेबी, ट्रेन सालंबो झूला, मौत का कुआं, मोटर बोट, मोटर साइकिल धूम, स्कॉर्पियो धूम, विभिन्न राज्य से आई सुसज्जित दुकानें व मीना बाजार आकर्षण का केंद्र होगा। इसी तरह मन्दिर में मनोकामना ज्योति कलश के लिए भी तैयारी की गई है। महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर के प्रबंधक सेवकराम साहू ने बताया कि तेल ज्योति कलश 801रू.एवं घी ज्योति कलश के लिए 1201 रू. राशि निर्धारित की गई है।

## कोसमर्रा स्कूल में शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप कार्यक्रम के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य, स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने लोकसभा चुनाव 2024 में



स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, नरेश कुमार, रविंद्र बंदे, मानसिंह, संतोष जगताप, हरिश्चंद्र नेताम, अनिल कुमार साहू, सीमा सोनी, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

## सात्विक भोजन ग्रहण करने से तन-मन में आती है शुद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके।

ग्राम सिर्री के वरिष्ठ समाजसेवी और पटेल समाज के अध्यक्ष शोभाराम पटेल ने शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में मध्यान्ह भोजन के समय स्कूली बच्चों को केला और मिठाई बांट कर न्योता भोजन खिलाया। स्कूली बच्चों को संयुक्त रूप से आमंत्रित कर न्योता भोज कराया गया। अतिथियों ने यहां बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन दाल-चावल के अलावा केला और मिठाई परोसी।



इस अवसर पर शोभाराम पटेल ने बच्चों से कहा कि सात्विक और पौष्टिक भोजन सेहत को चुस्त और दुरुस्त रखता है। सात्विक भोजन ग्रहण करने से तन, मन, विवेक में शुद्धता आती है। शरीर का समुचित विकास होता है।

## बैठक में नेशनल लोक अदालत पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आज उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव के न्याय सदन में समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आगामी 11– मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए जिला कोण्डागांव के समस्त न्यायालय में एक–एक खण्डपीठ का गठन कर समस्त न्यायालयों में लंबित सिविल, दांडिक, पारिवारिक, मोटर दुर्घटनादावा, चेक बाउंस, बीमा से संबंधित प्रकरणों को आगामी दिनांक 11.05.2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखकर पक्षकारों के आपसी राजीनामा के




माध्यम से प्रकरणों को निराकरण करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती प्रिशिला पॉल होरो अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिवप्रकाश त्रिपाठी प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोणगांव एवं समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## लोक और शिल्प कलाओं पर रिसर्च के लिए मिले 35 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस एंड रिसर्च नई दिल्ली द्वारा बस्तर की लोककलाओं, परंपराओं, लोकगीतों और शिल्प कलाओं पर रिसर्च करने के लिए छत्तीसगढ के दो प्रोफेसर्स और उनकी टीम को 35 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधुलता बारा एवं प्रोजेक्ट को–कोऑर्डिनेटर के रूप में शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पुरोहित कुमार सोरी अपनी टीम के साथ इस प्रोजेक्ट पर काम करेंगे।



डॉ. पुरोहित कुमार सोरी ने बताया कि यह अध्ययन समकालीन परिप्रेक्ष्य में मडिया जनजाति की शिल्प कला और लोक परंपराओं की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ के मडिया जनजाति के लोकगीत, कला, लोक–परंपरा एवं शिल्पकला की जानकारी को एकत्र कर संरक्षित एवं संवर्धित किया जा सकेगा। साथ ही इससे उनकी शिल्पकला, लोकभाषा, विचारों इत्यादि को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने किया जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण



**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया। उक्त प्रयोगशाला जो कि 11 पैरामीटर में एनएबीएल सत्यापित है। कलेक्टर ने समस्त टेस्टिंग के पैरामीटर के विषय में जानकारी लेकर स्वयं की उपस्थिति में पीएच वैल्यू का परीक्षण कराया। पैरामीटर का लैब कर्मचारियों द्वारा जल परीक्षण करके दिखाया गया। कलेक्टर ने परीक्षण रिपोर्ट, परीक्षण शुल्क की पंजी सहित आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशाला के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान केमिस्ट सपना मंडल, अजय कुमार देशमुख कोऑर्डिनेटर वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को समय पर मिले राशन : कलेक्टर

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आज बीजापुर नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान के



संचालकों का समीक्षा बैठक लेते हुए सभी हितग्राहियों को पात्रतानुसार खाद्यान्न समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि आज कलेक्टर द्वारा नगरपालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय में राशन कार्डधारी हितग्राही पहुंचे थे। जिनसे चर्चा के दौरान यह ज्ञात हुआ कि नवीनीकृत राशन कार्डों में कतिपय कारणों से कुछ हितग्राहियों को पिछले माह का राशन प्राप्त नहीं हुआ। इस पर कलेक्टर ने सभी संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए अनावश्यक हितग्राहियों को परेशान नहीं करने की हिदायत दी एवं नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ नगर पालिका जॉन पॉल दास एवं सहायक खाद्य अधिकारी बीएल पदमाकर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सीईओ ने ली नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभा कक्ष में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के द्वारा नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में लोकसभा निर्वाचन से संबंधी ई-रोल चिन्हित प्रति, ईडीसी, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, सर्विस वोटर, मतदान सुविधा केन्द्र, पोस्टल बैलेट, दिव्यांग एवं 80 प्लस मतदाता, कर्मचारी प्रबंधन, मतदान प्रतिशत एवं अन्य जानकारी, मतदान दलों के रवानगी एवं सकुशल वापसी, मतदान हेतु उपयोग में लगने वाले फार्म, लिफाफे एवं अन्य आवश्यक सामग्री, सामग्री वितरण, सामग्री वापसी, बेवकास्टिंग, संचार योजना तथा ईवीएम सुरक्षा एवं प्रबंधन के जानकारी आदि के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को सभी कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने के निर्देश दिये गये।

### लिपिकीय सुविधा वापस

**बीजापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 16 मार्च को निर्वाचन की घोषणा करने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। अतः निर्वाचन प्रक्रिया समापन तक विधायकों, जनप्रतिनिधियों को दी गई लिपिकीय सुविधा तत्काल प्रभाव से वापस लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



# विभागीय उदासीनता, सड़क जर्जर

**क्षतिग्रस्त सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं**

**यात्रियों व ग्रामीणों को आवाजाही करने में हो रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत श्यामगिरी बचेली मार्ग जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है, घाट में सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। बावजूद अभी तक किसी भी अधिकारी ने सड़क की मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दिया है। विभागीय उदासीनता का खामियाजा इस मार्ग से आवाजाही करने वाले यात्रियों व ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

परेशान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के इन गड्ढों में आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं, वहीं छोटी कारों के ऑयल चेम्बर तक टूट रहे है, जिसकी वजह से इंजन सीज होने की नौबत आ रही है और इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। गड्ढे का आकार दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, जिससे कभी भी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। कई बार स्थानीय नागरिक प्रशासन को इस विषय से अवगत करा चुके हैं, लेकिन नागरिकों की मांग पर अभी तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बीते कुछ दिनों पहले सड़क के गड्ढे में खुटेपाल के ग्रामीणों ने मिट्टी से भराव कराया था, लेकिन वाहनों की आवाजाही अधिक होने के चलते फिर से सड़क में गड्ढे उभर आए हैं, जो हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीन यह सड़क आती है, कुछ दिनों पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभाग से शिकायत की थी, लेकिन हालात जस के तस बने हुए है। यहां के नागरिकों का कहना है कि जैसे-तैसे इस रोड का काम ठेकेदार के द्वारा पूरा किया गया था। लेकिन घाट में किसी कारण काम नही किया जा सका। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग करते कहा कि जल्द से जल्द घाट में मरम्मत कर डामरीकरण किया जाए, ताकि अनहोनी के साथ-साथ नुकसान होने से बच सके।

**कलेक्टर को दिया है स्टीमेट**

कलेक्टर को स्टीमेट दिया गया है, आचार संहिता हटने के बाद काम शुरू हो सकता है। गड्ढे में मुरुम भराव का कार्य करवा देते है।

-सुबोध भगत, एसडीओ पीडब्ल्यूडी बचेली

## नागरिक सुरक्षा सेवा के पदाधिकारी नए थाना प्रभारी से मिले

# त्योहार को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन छग प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी की अगुआई में जिला दंतेवाड़ा टीम ने बचेली नगर में नव पदस्थ थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव से भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। साथ ही नगर की

■ यातायात व्यवस्था, साइबर क्राइम, नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही व अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा



यातायात व्यवस्था दिन ब दिन बढ़ते साइबर अपराध, नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही सहित बाइकर्स द्वारा ओवर स्पीडिंग, प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्यवाही करने सहित अन्य कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव द्वारा सभी मामलों को गंभीरता से विचार कर जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। साथ ही उनके द्वारा साइबर क्राइम को रोकने नगरवासियों को जागरूक होने, यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील भी की। ध्रुव ने बताया कि आगामी होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन पर नगर में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करने बचेली पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर है। नगरवासी होली पर्व को शांति से मनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस चर्चा में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियांशु सिंह, जिला अध्यक्ष दिलीप सोनी, महिला पदाधिकारी संयुक्ता देवांगन, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुखविंदर सिंह मौजूद रहे।

# होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोंगपाल

एसडीओपी रजत नाग तथा थाना प्रभारी तोंगपाल निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को होलिकोत्सव को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए, थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों जनपद सदस्या एवं सरपंच, अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी की उपस्थिति में बैठक हुई।

जिसमें उपस्थित नागरिकों द्वारा होलिकोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व पुलिस को सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही उपस्थित नागरिकों को नक्सल गतिविधियों के संबंध में सूचना देने व सहयोग करने की बात कही गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को साप्ताहिक बाजारों, वार्षिक मेला व अंदरूनी ग्रामों में अकेला भ्रमण न करने व भ्रमण की सूचना पूर्व से थाने में देने की समझाईश दी गई, ताकि सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। तोंगपाल की जनपद सदस्या मानकदई नाग ने क्षेत्र में चल रहे, कुड़कुड़ी एवं जुआ पर रोक लगाने की मांग करते कहा कि इससे क्षेत्र की महिलाएं काफी परेशान है, जिसपर थाना प्रभारी ने समस्या के निराकरण किए जाने की बात कही। नगर के नागरिकों ने, तेज रफ्तार बाइक चला रहे युवाओं को रोकने एवं होली में ड्रिंक एवं ड्राइव को रोकने की बात कही। साथ ही अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

# शिशु मंदिर के भैया-बहनों व आचार्यों ने खेली फूलों से होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारतीय परंपरा एवं वैदिक रीति-रिवाज के साथ भैया-बहन व आचार्यों ने फूलों से होली खेली और फाग गीत गाकर झूम उठे। केमिकल भरे गुलाल से दूर रह कर विगत कई वर्षों से विद्यालय में फूलों से होली खेली जाती है। बच्चों द्वारा अपने-अपने घरों से फूल का संग्रह कर लाया जाता है और फिर सभी फूलों से होली खेलते हैं। विद्यालय के अधिकतर भैया-बहन घर में भी अपने परिवार के साथ फूलों से ही होली खेलते हैं। रविवार को विद्यालय परिसर में सादगी पूर्ण होलिका दहन किया जायेगा। जिसमें नगर से माताएं, बहनों व पुरुषों द्वारा होलिका की पूजा कर फेरा लगाया जाता है और एक दूसरे से गले मिलते हैं। विद्यालय में भैया-बहनों को आचार्यों ने होली त्यौहार पर हिरण्यकश्यप प्रहलाद की कहानी सुनाई व बताया कि किस प्रकार बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत हुई। होलिका दहन के दूसरे दिन विद्यालय के भैया व आचार्यगण पिछड़ी बस्ती, सफाई कर्मचारी व थाना में जाकर सिपाहियों के साथ सादगी पूर्ण होली खेलते हैं। समाज में एक अच्छा संदेश देने व समाज में फैली हुई बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने के लिए आचार्य बंधुओं व भैया-बहन प्रयास करते हैं। त्यौहार में मांसाहार का सेवन ना हो व नशीले पदार्थों का सेवन ना हो, इसके लिए भैया-बहन व आचार्य प्रचार-प्रसार करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश जय सिंघानी, उपाध्यक्ष राधा सुराना मौजूद रहे।

## विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर मकान पर गिरा...



**भोपालपटनम।** गत दिवस आधी रात में आई तेज हवा ने बारेगुड़ा क्षेत्र में तबाही मचा दी। जहां ग्राम बारेगुड़ा, गंगारम सहित पोल्लेम के दर्जनों मकानों के छत उड़ गये है। वहीं बारेगुड़ा निवासी नीलम परिवार के मकान के ऊपर एक बूढा इमली का विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर गिर जाने से मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। अचानक चली तेज हवा से बिजली के कई खम्बे टूट जाने से क्षेत्र में बिजली सप्लाई भी बंद पड़ी है। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने तत्काल घटना स्थल पहुंच पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना तथा सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी भोपालपटनम एसडीएम यशवंत नाग को देते हुए तत्काल पीड़ित परिवारों का मुआवजा प्रकरण तैयार करने के साथ-साथ क्षेत्र में बंद पड़ी बिजली व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।

# ईव्हीएम मशीनों का हुआ रेण्डमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में निर्वाचन हेतु प्रयुक्त की जाने वाली ईव्हीएम मशीनों का प्रथम चरण का रेण्डमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में आज सम्पन्न हुआ। इस दौरान सहायक रिटर्निंग आफिसर जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा रेण्डमाईजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तृत ढंग से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया। सभी की सहमति उपरांत रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

# बच्चों ने प्रस्तुत किए नृत्य व गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सेंट जेवियर्स हाईस्कूल कुम्हरावंड में शनिवार को मोंटेसरी कक्षा के परिक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं कक्षा पहली से 9 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज के प्रिंसिपल अतुल त्रिवेंदी, विशेष अतिथि अमरनाथ सिंह एवं उनकी पत्नी के साथ शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत की गई, सेंट जेवियर्स के प्रिंसिपल हुजेफा दाहोदवाला ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों की ओर से बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान बच्चों ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों को प्रेरणा देने के लिए शिक्षिका ने कविता सुनाई और बबिता गनवीर ने भाषण प्रस्तुत किया।

# कलेक्टर की मौजूदगी में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी की मौजूदगी में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी, जिला कोषालय अधिकारी मनोज कुमार नारंग मौजूद थे। इसके तहत जिले में उपलब्ध 551 बैलेट यूनिट, 435 कंट्रोल यूनिट और 540 वीवीपैट में से दंतेवाड़ा विधानसभा के लिए 395 बैलेट यूनिट और 395 कंट्रोल यूनिट 423 वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन में आबंटित किया गया। इन सभी मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही कर स्कैनिंग कार्य आज पूर्ण किया गया। इसके अलावा द्वितीय रेंडमाइजेशन 8 अप्रैल को किया जाना है।



**ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण**

इसके साथ ही प्रथम रेंडमाइजेशन के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट का स्कैनिंग कार्य किया गया।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीएम से की प्राचार्य की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



बस्तर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनारपाल की सरपंच एवं क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोनारपाल में पदस्थ प्राचार्य संजय देवांगन की शिकायत कर जांच की मांग एसडीएम बस्तर से की है।

सोनारपाल की सरपंच श्याम कुमारी ध्रुव, उपसरपंच कैलाश मौर्य, जनपद सदस्य कविता कोठले ने शिकायत में बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य पद पर पदस्थ संजय देवांगन अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। वर्ष 2022-23 में बालक-बालिका शौचालय स्वीकृत है। शाला प्रबंधन समिति द्वारा 23 जनवरी 2022 को एक लाख रुपये आहरण किया गया। जिसे कार्य पूर्ण करने के लिए संजय देवांगन को दिया गया है। यह कार्य विगत दो वर्षों से अधूरा है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा 5-6 बार प्राचार्य से मिलकर कार्य पूर्ण करने कहा गया, पर उनके द्वारा बार-बार टालमटोल किया गया। प्राचार्य स्कूल में समय पर कभी उपस्थित नहीं रहते है, हमेशा विलंब से आते है या अनुपस्थित रहते हैं। शाला निरीक्षण पंजी अपनी आलमारी में ताला लगाकर रखते हैं, जिसकी वजह से हम आज तक निरीक्षण पंजी में कोई बात, सुझाव नहीं लिख पाये। 21 मार्च को भी हम पंचगण दोपहर लगभग 1.35 बजे स्कूल गये थे, प्राचार्य उपस्थित नही थे। बाद में उनके द्वारा 2 बजे के आस-पास स्कूल ग्रुप में व्हाट्स अप के द्वारा छुट्टी का आवेदन डाला गया है। प्राचार्य द्वारा शाला प्रबंधन समिति को बच्चों के प्रवेश शुल्क संबंधी जानकारी अब तक नही दिया गया है। इस संबंध में समिति सदस्यों द्वारा बार-बार बोला गया है कि कब राशि जमा होती है और कब राशि निकासी होती है, इसकी जानकारी समिति को दी जाये, जिसकी जानकारी उनके द्वारा अब तक नहीं दी गई है। साथ ही वर्ष 2023-24 में स्कूल का रंगरोगन भी नही कराया गया है। स्कूल में पंखा, कूलर, लाइट भी खराब है, जिसकी मरम्मत कई महीनों से नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 5402 पोस्टर-बैनर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 1 हजार 108 दीवार लेखन, 1 हजार 541 पोस्टर, 1 हजार 78 बैनर और 933 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 369 दीवार लेखन, 208 पोस्टर, 164 बैनर और 1 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 4 हजार 660 तथा निजी स्थलों से 742 सहित यानी कुल 05 हजार 402 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं।

### शराबखोरी करते पकड़ाया युवक

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत मर्रामपानी तालाब के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए आरोपी मंडीपारा नरहरपुर निवासी 24 वर्षीय दुर्गेश्वर नेताम पिता रूपसिंग को पुलिस ने 22 मार्च को शाम साढ़े 6 बजें पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने किया प्रेरित

**दंतेवाड़ा।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली शिक्षक सहित छात्रों के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाल बैनर पोस्टर लेकर लोगों को मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में विकास खण्ड गीदम के प्राथमिक शाला बालपेट, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय किरंदुल तथा शासकीय कन्या हाई स्कूल पोटाकेबिन चितालूर में छात्र-छात्राएं तथा हारम में महिला बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाईजरों के द्वारा पोषण पखवाड़ा के साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत बोट पंडुम के बैनर पोस्टरों सहित वीवीपैट मशीन की जानकारी भी लोगों को सिखाई जा रही है।

### मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा देने हुई बैठक

**जगदलपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उप निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र ऋषिकेश तिवारी द्वारा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा देने के संबंध में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आज बैठक ली गई।

# पतंजलि योग समिति के होली मिलन में खेली गई प्राकृतिक होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर महिला योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तत्वाधान में राज्य महिला पतंजलि कार्यकारिणी सदस्य और पुलिस आरक्षक उर्मिला साहू के विशेष आतिथ्य में हर्षोल्लासपूर्वक महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम मनाया गया। इसमें तहसील अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा योग भारत के मातृशक्तियों द्वारा समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय और प्रेरक कार्यों जैसे भारत के प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री फूले, भक्त माता कर्मा, सरोजनी नायडू, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मी बाई, राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के जीवन चरित्रों पर प्रकाश डालते हुए जीवकोपार्जन के साथ-साथ रचनात्मक सेवा कार्य करके भानुप्रतापुर और समाज को प्रेरणा देने प्रेरित किया गया।

## विशिष्ट कार्य करने समाज को प्रेरणा देने वालों का हुआ सम्मान

### इनका हुआ सम्मान

महिला अध्यक्ष उमा साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर, धनेश्वरी साहू आदि के द्वारा देशभक्ति, भगवान भक्ति और प्रेरक गीत भजन प्रस्तुत किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सनातन पुरोधा महिला पतंजलि संरक्षक सावित्री श्रीवास्तव और स्वच्छ भारत मिशन क्लीन सिटी समूह को भानुप्रतापपुर में उनके द्वारा किए जा रहे प्रेरक परिश्रम हेतु मोमेंटो और श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमे समूह के अध्यक्ष श्रीमती सीता साहू, सचिव श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास सहित समूह के सदस्यों ने सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी को पतंजलि उत्पाद पत्रिका और स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण रचित प्रविष्टियां प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### होली की दी बधाई

समिति के संरक्षक शंकर गांधी, महासचिव योगेश्वर सिंह, सुदामा साहू द्वारा भी नारी शक्ति के महत्ता और समाज में उनके पूजनीय स्थान एवं महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रकट किए। फाल्गुन माह के ऋतुराज रंगो में सराबोर होते हुए पलास (परसा ) फूल एवं गुलाब फूलों से होली खेलकर होली गीतों पर थिरकते हुए सद्भावना मैत्री के साथ एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इस दौरान बिंदु देवी, प्रेमलता साहू, अनीता साहू, लता जैन, फुलेश्वरी नाग, पेमिन साहू, मीना साहू, संतोषी टंडिया, दुर्गा गावड़े, ललिता साहू, सितम ठाकुर, श्याम बाई यादव, सीमा देवांगन, रतन करियाम देव, दहरा पुजारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम :** ग्राम पंचायत कोरर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया

# पोषण पखवाड़े में पौष्टिक आहार व सेहत सुरक्षा की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

शुक्रवार को ग्राम पंचायत कोरर के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण पखवाड़ा एवं सी सेम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.हेमंत चंद्राकर आयुष विभाग एवं इमरान खान चिरायु विभाग तथा दीपक गोजे जिला पोषण समन्वयक एवं सेक्टर पर्यवेक्षक सीता कुरैशी एवं अनुसुईया साहू पर्यवेक्षक हाटकर्रा तथा ममता डंडसेना,राकेश खड़के रहे। एवं मितानिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं गांव की माताएं उपस्थिति रही।


कार्यक्रम की शुरुआत में सेक्टर पर्यवेक्षक सीता कुरैशी द्वारा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दिया गया। पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 9मार्च से 23 मार्च 2024 तक सभी आंगनबाड़ी कैलेंडर माह अनुसार गतिविधि करके जन समुदाय में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है । तथा विभिन्न प्रकार के स्थानीय सब्जी फल अनाजों एवं मोटे अनाज का उपयोग करने के बारे में बताया गया। हेमंत चंद्राकर आयुष द्वारा प्रदर्शनी में लगे हुए सब्जी अनाज का उपयोग के बारे में जानकारी दिया गया। तथा इमरान खान चिरायु के द्वारा विशेष विलक्षण वाले बच्चों की पहचान करना एवं उनके देखभाल के संबंध में जानकारी दिया गया दीपक गोजे जिला समन्वयक द्वारा उपस्थित माता को बच्चों का नियमित वजन करायें। तथा गुणवत्तापूर्ण एवं बार-बार स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए बच्चों को सुपाच्य एवं ताजा भोजन खिलाएं तथा एनआरसी में अति गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती करने केबारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। इसी क्रम में अनुसूईया साहू पर्यवेक्षक हाटकर्रा द्वारा उपस्थित माता को अपने प्रतिदिन के भोजन में अधिक से अधिक हरी सब्जियां विभिन्न प्रकार के भाजी तथा अंकुरित अनाज एवं गुड़ का उपयोग करने बताया गया ताकि माताओं में किशोरी बालिकाओं में खून की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।





राकेश खड़के आईएचओ द्वारा बताया गया कि शुरू के 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर 2 वर्ष तक बच्चों का देखभाल एवं स्वास्थ्य जांच संबंधी जानकारी दिया था तथा सुपोषण संकल्प, मतदान जागरुकता शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर रेणु श्रीवास्तव, कला राजपूत, कमलेश्वरी सलाम, विद्या नाग, अनीता कोसमा, अंशु पांडे, दुलारी बाई मितानीन उपस्थिति रही।

# बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर समीप होलिका दहन, जानोमाल का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

होलिका दहन के दौरान दुर्घटना से बचाव के लिए बिजली खंभा, ट्रांसफार्मर के पास होलिका दहन नहीं करने और रंग खेलने के दिन तार में गीला कपड़ा नहीं फेंकने की अपील विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिलेभर के नागरिकों से किया गया है।

- गीले कपड़े तार पर न फेंके, बिजली गुल होने की आशंका बढ़ेगी

अधीक्षण अभियंता चंद्रहास मरकाम एवं कार्यपालन अभियंता सतीश किण्डो ने कहा कि होली त्योहार उल्लास से मनाएं, लेकिन सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। होली त्योहार मनाने के दौरान विद्युत संबंधी विशेष सावधानी बरतनें की जरूरत है। बिजली खंभा, ट्रांसफार्मर के नजदीक एवं विद्युत लाइन के नीचे होली का दहन न करें। कुछ शरारती तत्वों द्वारा होली के उत्साह में गीले कपड़े चालू विद्युत लाइनों में फेंक दिया जाता है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका होती है। होली उत्सव मनाने के दौरान पानी के गुब्बारें, गुलाल, पानी व गीले कपड़े विद्युत लाईन व ट्रांसफार्मर के ऊपर न फेंके। छेंड-छाड़ कदापि न करें, ताकि किसी प्रकार की अनहोंनी व अप्रिय घटना न हो। अपने परिवार व परिजानें के साथ हर्षोल्लास सुरक्षित व सेहतमंद तरीके से होली का पर्व मनाएं। होली के दौरान में विद्युत संबंधी किसी भी शिकायत के त्वरित निराकरण के लिए कांकेर जिले के सब स्टेशनों में अधिकारी एवं कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण केंद्र मुख्यालयों एवं 33/11 के व्ही विद्युत उपकेंद्रों में तकनीकी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त होली त्योहार के दिन 24 मार्च का सायं शाम चार बजे से शहर के मुख्य स्थलों व ट्रांसफार्मरों के पास भी विद्युत कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है । विद्युत संबंधी आकस्मिक स्थिति के लिए संपर्क कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में मितानिनों की भूमिका अहमः देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



जिले की मितानिनों ने समस्याओं को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि मितानिन बहनें सतत सेवा का कार्य करती हैं। बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर सफल रूप से क्रियान्वित करने का बड़ा काम मितानिन ही करती हैं।

स्वास्थ्य सेवा में उनकी भूमिका अहम है। उनसे जुड़ी समस्याओं का निदान प्राथमिकता से किया जायेगा। मितानिनों ने बताया कि पांच माह से उन्हें केन्द्रांश राशि नहीं मिली है। राज्यांश राशि पहले ही बहुत कम है। ऐसे में केन्द्रांश न मिलने से परिवार के लालन पालन में कठिनाई हो रही है। मितानियों ने केन्द्रांश राशि दिलाने व व्यवस्था सुधारने का अनुरोध किया है। साथ ही प्रत्येक वार्ड में मितानिन कक्ष बनाने की मांग रही है। जिससे जन स्वास्थ्य संबंधी कार्य व वार्ड स्तर पर महिलाओं को जोड़ कर गठित आरोग्य समिति की बैठक सुचारू व सुविधाजनक रुप से पूरे हो सकें। किरण देव ने मितानिनों से उनकी समस्या सुनकर निदान के लिये जल्द पहल करने आश्वासन दिया है। मितानिन ममता गुप्ता, हेमलता साहू, अंजली चालकी,धनिता साहू, पवन गुप्ता, लक्ष्मी राव, राजेश्वरी निर्मलकर, ऋतु साहू समेत अन्य शामिल थी।

# भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करें कार्यकर्ता : जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरनार की बैठक बम्हनी में शुक्रवार को हुई। आवासपारा में हुई बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए बूथ, जोन व सेक्टर पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ग्रामीण व पदाधिकारियों ने अपनी राय रखी। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि कार्यकर्ता अपने बूथ व सेक्टर में लोगों से सम्पर्क साध कर कांग्रेस की न्याय नीतियों की जानकारी दें।

कार्यकर्ता भाजपा के झूठे वायदों की पोल खोलें। एक ओर जहां भाजपा परिवार व समाज को तोड़ने की नीति पर चल रही है वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सामाजिक एकता की भावना के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले। परिवार में फूट डालने का भाजपा का हाल का उदाहरण झारखंड में देखा जा सकता है। भाजपा ने नौकरी मांगने वाले युवाओं को लाठियों के साथ सेना में अग्निवीर भर्ती की सौगात दी है। हमें प्रत्याशी की बजाय कांग्रेस पार्टी की ओर देखना है। प्रत्याशी की घोषणा होने से स्थिति साफ होगी लेकिन सभी को यह सोचकर अभी से जुटना है कि वे कांग्रेस को जीताकर ही दम लेंगे।

इस दौरान बिरेन्द्र साहनी, लैखन बघेल, प्रकाश राव, धनुर्जय नाग, सूर्यनारायण राव, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, माहरू राम, हरि नाग, संतोष सिंह, महेंद्र नागवंशी, राजेन्द्र बघेल, कोमलसाय बघेल, सोनाधर निषाद, शंकर, एस तेजेश्वर राव, बसंत मुरला, देवा, रामधर, प्रफुल्ल, देवी सिंह, रूपनाथ, भोजराज, संतोष सिंह शोभा सिंह, दयमती नेताम, ललिता नेताम, कनक कश्यप, पदमा, फूलचना, सावित्री, ज्योति, सोमारी, बसंती, बुधाय, सेजमनी, सुकदेई, दयाबती, रायमती, फूलो, बुरंदी समेत पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** हायर सेकेण्डरी भगतसिंह स्कूल में शनिवार को अपने त्याग व शौर्य से जन-जन में स्वाधीनता की अलख जगाने वाले मां भारती के अमर सपूत महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम भगत सिंह के तस्वीर को प्रचार्य विनीता बेंजामिन ने माल्यार्पण कर व्याख्याता एवं छात्र-छाआत्रों द्वारा पुष्पांजली अर्पित कर उनके आदर्शो पर चलने प्रेरणा ली गई। इस अवसर पर हेमा चिव्हान्ने, अनिल शुक्ला, किरण चौहान, चंद्र प्रकाश देवांगन, आशा रानी पटनायक, सतपाल शर्मा, राम पटेल, किरण महापात्र, अंजू रावटे, भारती नामदेव, रोशनी शिंन्धे, गीता मूर्ति, नीतू शर्मा, योजना देवांगन उपस्थित थे।



# त्योहारों में अप्रिय घटना रोकने हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मद्देड़

त्योहारों में कई असमाजिक तत्व लड़ाई-झगड़ा करवाने के ताक में रहते हैं। कई जगहों पर इन त्योहारों में असमाजिक तत्वों के कारण दंगे भी भड़क जाते हैं। ऐसी कोई अप्रिय घटना थाना क्षेत्र में ना घटे, इसके लिए एसडीओपी मयंक करण सिंह व मद्देड़ थाना प्रभारी रवि शंकर साहू द्वारा पत्रकार, व्यापारी संघ गणमान्य नागरिकों के साथ आज शांति समिति की बैठक की गई।

बैठक में एसडीओपी व थाना प्रभारी ने कहा कि होली समेत अन्य त्योहारों में किसी प्रकार की लड़ाई-झगड़ा, दंगा ना हो, इसके लिए आप सभी जागरूकता फैलाएं। इसके साथ ही अधिकारी ने उपस्थित जनों से समस्याओं के विषय में जानकारी ली। जिस पर उपस्थित जनों ने कई विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि यहां कई सारी अन्य गाडियां हैं, जिसमें लड़के मॉडिफाई सायलेंसर लगाकर तेज गति से गाड़ी चलाते हैं। जिससे लोग हादसे का शिकार होने के साथ ही परेशान हो रहे है, इन पर कार्यवाही हो। जिस पर थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द ही कार्यवाही की जायेगी। एसडीओपी व थाना प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार की कोई भी समस्या होंगी, तो आप सभी सीधे मुझसे व थाना प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।







